# ऊर्जा मंत्री नागर ने 7 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलान्यास किया

**■ झालरी और आमलीझाड़ में समारोह आयोजित**

**कोटा, (निसं)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मंत्री नागर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालरी में तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमली झाड़ में आयोजित शिलान्यास समारोह में भाग लिया। उन्होंने कोटा सांगोद रोड़ पर 1 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से बनने वाले खेड़ली काकूनिया वाया गरमोडी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी में 9 लाख 93 हजार रुपए की लागत से कक्षा कक्षा के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालरी में 29 लाख 33 हजार की लागत से लाइब्रेरी और विज्ञान प्रयोगशाला के कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमली झाड़ में 4 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। इस दौरान 1 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से संपर्क सड़क खेड़ी के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि विकास एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है।

कांग्रेस के समय इसमें ब्रेक लगा। अब विकास की इस प्रक्रिया को दोगुनी गति से प्रारंभ किया गया है। जल्दी ही, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के रूप में मिलने वाली राशि को बढ़ाकर दुगनी करने किया जाएगा। केंद्रीय बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट भी 5 लाख तक बढ़ा दी गई है। जिससे किसानों को न्यूनतम ब्याज दर पर 5 लाख रुपए तक का ऋण मिल सकेगा। जिससे किसान को आर्थिक संबल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र की जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना थी। लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता के चलते इस योजना में देरी हुई है। इस योजना के तहत 2025 तक हर घर तक जल पहुंचना था अब सरकार ने राजस्थान में योजना की क्रियान्विति 2028 तक बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि परवन के लिए वंचित क्षेत्र को लाभ दिलाने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। हरिपुरा मांझी के नीचे डेम बनाकर असिंचित क्षेत्र को पानी देने का काम करेंगे। ईआरसीपी की फाइनल डीपीआर बनेगी तो इस क्षेत्र को जोड़कर भी उसमें भेजा जाएगा।

मंत्री नागर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि झूलते तारों के कारण ट्रिपिंग, फॉल्ट या जनहानि नहीं होनी चाहिए। इसको लेकर बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मंत्री श्रीनागर ने कहा कि अधिकारी जनता के कार्य को टालने की प्रवृत्ति छोड़ दें। बिना पूछ परख के भी कोई व्यक्ति आता है तो उसको उतना ही महत्व मिलना चाहिए। ज्यादा समस्या आने का मतलब है कि अधिकारी काम करने में सक्षम नहीं है। फिर उस कर्मचारी के बारे में भी विचार होगा।

इस अवसर पर जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, उपप्रधान ओम नागर अड़ूसा, जिला परिषद सदस्य अंजना मीणा, पंचायत समिति सदस्य गुड्डी बैरवा, दुष्यंत शर्मा, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धनराज मीना, मंडल अध्यक्ष विजय शंकर सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराज नागर, पूर्व प्रधान नंदकिशोर मालव, मंडल प्रतिनिधि धनराज नागर, विष्णु मालव, जितेंद्र हूण, सोनू नागर, प्रमोद मीणा, भीमराज मीणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चाकू मारकर युवक की हत्या, चंद घंटों में पकड़ा आरोपी

**कोटा, (निसं)।** शहर के अनंतपुरा थाना इलाके में चाकूबाजी में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया पुलिस ने चंद घंटो में ही कार्यवाही करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले के अनुसार अनंतपुरा इलाके में एक साथी मजदूर से अपने साथी मजदूर पर चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अनंतपुरा इलाके के औद्योगिक क्षेत्र में गुटखा फैक्ट्री में मजदूर के साथी ने अपने साथी पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। शहर एसपी ने बताया कि दोनों की युवक एक साथ गुटखा फैक्ट्री में काम करते है, और उत्तरप्रदेश के निवासी है। शहर एसपी ने बताया कि हमले में उत्तरप्रदेश के गांव तुतैया खेडा जिला हरदोईगंज का निवासी मनोज (27) गंभीररूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाये जहां पर डॉक्टर जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के कोटा पहुंचने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाऐगा। शहर एसपी ने बताया कि मामलों को गंभीरता लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। वहीं घटनास्थल पर एफएसएल टीम और एसपी कार्यालय को एमओवी टीम को बुलाया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपी के कर्णेश्वर महादेव रोड से कोटा से बाहर भागने की भनक लगी। जिस पर टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर हत्या के आरोपी उत्तरप्रदेश के जिला उन्नाव हाल अनंतपुरा निवासी विशाल कुमार (21) को डिटेन किया, और थाने लाकर पूछताछ कर गिरफ्तार कर लिया है। शहर एसपी ने बताया कि मामले में पकड़े गये आरोपी ने अनुसंधान में बताया कि दो दिन पहले खाने की बात को लेकर लड़ाई हुई थी जिस पर मनोज ने उसके साथ हाथपाई की थी। उसी का बदला लेने के लिये उसने यह कदम उठाया।

## सार-समाचार

### विधायक को मांग पत्र सौंपा

**बून्दी (निसं)।** राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ बूंदी के जिलाध्यक्ष पद पर मनोज वर्मा को निर्विरोध निर्वाचित हुए। रविवार को राउमावि बूंदी के सभागार में आयोजित राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ बूंदी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हापू राम चौधरी के निर्देशानुसार तथा उपाध्यक्ष अंकुर निंबार्क की उपस्थिति में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर श्री मनोज वर्मा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस दौरान सभी शारीरिक शिक्षकों ने प्रदेशव्यापी आ ान के तहत शारीरिक शिक्षकों की जायज मांगो को विधान सभा एवं राज्य सरकार के सामने लाने की मांग करते हुए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पूर्व विधायक अशोक डोगरा को 21 सूत्रीय पत्र मांग पत्र सौंपा। इस दौरान विजयभान सिंह चौहान, यदुनंदन सिंह परिहार, सत्यनारायण सैनी, मृगेंद्र सिंह चावड़ा, हिमांशु सोनी, ओम योगी, चेतन जैन, लोकेश शर्मा, धनराज बैरागी आदि शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

### गुरुचरण सिंह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान बने

**झालावाड़ (निसं)।** झालावाड़ में रविवार को सिख समाज की एक बैठक प्रधान रणजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में रखी गई बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने नए प्रधान बनाने को लेकर चर्चा की जिसमें सरदार बलविंदर सिंह बिट्ठल ने सरदार गुरुचरण सिंह को समाज का प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित समाज के सभी लोगों ने सर्व सहमति से समर्थन किया उसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रधान गुरुचरण सिंह का माला पहना कर स्वागत किया अब प्रधान बनने के बाद सरदार गुरुचरण सिंह मंगलपुरा गुरुद्वारा साहिब ओर आनन्द विहार गुरुद्वारा साहिब की कमेटी बनाकर व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे बैठक में राजेन्द्र सिंह सलूजा, सरदार मस्तान सिंह,प्रीतम सिंह,पूर्व प्रधान रणजीत सिंह, कमल जीत सिंह, बलवीर सिंह, अनम दीप सिंह राजा, ज्ञानी प्रीतम सिंह, बलविंदर सिंह बिट्ठल उपस्थित रहे।

### घांसीलाल उत्थान समिति के अध्यक्ष बने

**छबड़ा (निसं)।** मीणा उत्थान समिति की बैठक गोवर्धननाथ मंदिर पर सम्पन्न हुई। यहां सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। यहाँ घांसीलाल मीणा ढीमरपुरा को अध्यक्ष, धीरपसिंह, राधेश्याम घट्टा, सत्यनारायण गोडियाचारण को उपाध्यक्ष, कजोडीलाल गोड़ियाचारण को कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण उमरथाना को मंत्री बनाया गया। समिति में रघुनाथ बरबटखेडी, गणपत सिंह, कन्हैया लाल खाँखरा, संग्रामसिंह मीणा, रामकरण मीणा भीलवाडा ऊंचा, हीरालाल, भागीरथ, शिवनारायण को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया। बैठक में रामगोपाल, भंवर, श्रीलाल, जमनालाल, रामकरण, राजकुमार, नरेश, रामकल्याण, फूलसिंह, महेंद्र, बिट्ठल, दिनेश, राजेश, बृजमोहन, कमल आदि मौजूद थे।

### मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

**छबड़ा (निसं)।** दिगंबर जैन समाज द्वारा रविवार को जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पद्म प्रभु भगवान का मोक्षकल्याणक धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मन्दिर में अभिषेक शांति धारा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया एवं नित्य नियम पूजा अर्चना की। समाज अध्यक्ष प्रकाशचन्द लुहाड़िया एवं महिला मंडल अध्यक्ष डोली जैन के अनुसार इस अवसर सुबह मन्दिर पर अभिषेक शांति धारा की गई तथा निर्वाण कांड पड़कर निर्वाण लाडू चढ़ाया। इसके बाद देव शास्त्र गुरु आदीनाथ भगवान महावीर स्वामी पद्म प्रभु भगवान सहित अन्य पूजा अर्चना की गई एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभी धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चों ने पूरी धार्मिक भावना से भाग लिया।

### 'राम भजन बिन जीवन व्यर्थ'

**छबड़ा (निसं)।** नियामतपुर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन रविवार को साध्वी प्रियंका भारती ने कहा की राम भजन के बिना जीवन बेकार है, मनुष्य को मुक्ति भक्ति से ही मिल सकती है। कथा संयोजक अध्यापक भंवर सिंह लोधा ने बताया कि कथा मे भगवान श्रीराम के वनगमन प्रस्थान, निषाद राज से भेंट एवं वनावास के कई मार्मिक प्रसंग सुनाए। जिससे यहां मौजूद भक्तो की आंखों मे आंसू झलक पडे। कथा में बडी संख्या में ग्रामीण व कस्बेवासी पहुंच रहे हैं।

## सार-समाचार

### 21 किलोमीटर दौड़ में रेकॉर्ड स्थापित करने वाले वरिष्ठ नागरिक का सम्मान

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कल्याण संस्थान, जिला शाखा कोटा ने हाल ही में वॉक ओ रन कार्यक्रम के दौरान 21 किलोमीटर की दूरी मात्र 2 घंटे, 25 मिनट एवं 57 सेकंड में पूर्ण कर कीर्तिमान स्थापित करने वाले संगठन के 70 वर्षीय सदस्य राधे श्याम शर्मा, सेवानिवृत्त कार्यालय सहायक, पुलिस विभाग को प्रशस्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। संगठन के जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह ने बताया कि जब दिल और दिमाग में जोश तथा जुनून का जज़्बा कायम हो तो फिर कुछ भी असंभव नहीं है जिसे राधेश्याम शर्मा ने सिद्ध कर दिया हैं। उनकी इस प्रेरणादायक उपलब्धि पर सभी सदस्यों को गर्व है। इससे पूर्व भी वे जयपुर में आयोजित दौड़ के दौरान कीर्तिमान बना चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने माह जून में 1056 किलोमीटर की दूरी तय करके इतिहास रच दिया था।उनका यह उत्साह ऐसे अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणादायक है जो उम्र के आखिरी पड़ाव में निराशाजनक जीवन जीते हैं जिससे नकारात्मकता उत्पन्न होती है। उन्हें संगठन के सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि द्वारा भी बधाई संदेश प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर संगठन संगठन के उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, महासचिव के.के.शर्मा, सलाहकार अतहर खान, संगठन मंत्री प्रेमचंद गौड़, संयुक्त मंत्री राघवेंद्र सिंह, कार्यालय मंत्री विजय सिंह कुंतल, प्रचार मंत्री रामदयाल नागर, कोषाध्यक्ष नंद लाल गुर्जर तथा कार्यकारिणी सदस्य बृज मोहन महावर एवं अशोक गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

### 'लाड़पुरा विधानसभा में कोई कार्य नहीं कराया'

**कोटा, (निसं)।** कांग्रेस लाड़पुरा समन्वयक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल आनंद ने लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी पर आरोप लगाया है कि 6 वर्ष कार्यकाल में लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र में एक भी कार्य नहीं कराया। उन्होंने सिर्फ एक ही प्रचार प्रसार किया है नगर पालिका को कोटा नगर निगम में मिलाया जाए जबकि लाड़पुरा पंचायत समिति के प्रधान एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नईमुद्दीन गुड्डू ने लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एवं कैथून मे विकास की गंगा बहाई हैं। कार्यकर्ता के दुख-दर्द को समझा है। सभी समुदाय की समस्याओं को सुना है। समस्याओं का हमेशा निराकरण किया है। वरिष्ठ नेता अनिल आनंद ने लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना देवी पर आरोप लगाया कि जीतने के बाद उन्होंने अपना महल नहीं छोड़ा। सदा क्षेत्रीय जनता के साथ दुर्व्यवहार किया। विकास के नाम पर शून्य रहा। वे सिर्फ एक ही कार्य करती रही है कि कैथून नगर पालिका को नगर निगम में जोड़ो। उन्होंने कल्पना देवी से जनहित में इस्तीफा देने की मांग की है।

### फ्लावर कलेक्शन प्रस्तुत किया

**कोटा, (निसं)।** ग्रामीण हाट में शुक्रवार से तीन दिवसीय फ्लावर प्रदर्शनी कोटा हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा लगाई गयी जहां फूलों की अनेक प्रजातियाँ डिस्प्ले की गयी। प्रदर्शनी के अंतिम दिन कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलोजी की और से फ्लावर कलेक्शन "स्पलैश 2025" प्रस्तुत किया गया। फैशन शो मैं तीन रौण्ड्स थे। कलेक्शन में सभी ड्रेसेस संस्था के विध्यार्थियों द्वारा तैयार की गयी थी। संस्था की निदेशक पुजा राजवंशी ने बताया की इस प्रकार का आयोजन बहुत प्रशंसनिया एवं सराहनीय है। उपस्थित सभी अतिथियों ने शो को काफी सराहा।

### स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** विज्ञान नगर पुलिस टीम ने इलाके मे गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि इलाके मे गश्त के दौरान एक जने पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 3 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए छत्रपुरा तालाब निवासी शाहिद अली (49) को गिरफ्तार किया। पकडे गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### बालाजी धाम का स्थापना दिवस मनाया

**कोटा, (निसं)।** स्टेशन स्थित श्रीश्री 1008 बनखण्डी बालाजी चौपड़ा फार्म मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी।

# छबड़ा प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**छबड़ा (निसं)।** कस्बे में रविवार से ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता छबडा प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया गया, जिसमें उद्घाटन मैच एसएस स्पोर्ट्स कोटा व कल्टी जिम गुना के बीच खैला गया। संयोजक एडवोकेट हस्सान खान व पैंथर क्रिकेट क्लब अध्यक्ष गोलू पैंथर ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी व कांग्रेस वरिष्ठ नेता निजामुद्दीन खान द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये व पटेल बोरवेल कप के भामाशाह शाहरुख आंचोली व द्वितीय पुरस्कार इक्यावन हज़ार व जयगुरुदेव प्रॉपर्टी कप के भामाशाह जितेन्द्र सोनी, कैलाश मीना व उमेश मीणा के साथ मैन ऑफ़ द सीरीज बतीस इंच एलईडी टीवी के भामाशाह गोलू नामदेव व इक्यावन सौ रुपये देने वाले भामाशाह रोहित अरोडा का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। उद्घाटन मैच में गुना ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लेकर गुना ने कोटा एसएस को 161 का टारगेट दिया, जिसमें सुजल ने 40 रन और संस्कार ने 29 रन का योगदान दिया। 161 रन का पीछा करते हुए कोटा एसएस ने 150 रन बनाकर 20 वें ओवर की चौथी बोल पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ़ द मैच सागर रहा।

# कोटा भाजपा शहर की 'कार्यकर्ता आपके द्वार' कार्यक्रम की तैयारी बैठक संपन्न

**■ 'जरूरतमंद पात्रताधारियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सेतु की भूमिका निभायेंगे भाजपा कार्यकर्ता'**

**■ एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से केन्द्र, राज्य सरकार और लोकसभा अध्यक्ष की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास**

**कोटा, (निसं)।** भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में जीएमएम प्लाजा के सभागार में रविवार को भाजपा के सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रतिनिधि, व सेवाकार्य में सहयोग देने वाले अनुभवी ई-मित्र संचालकों की आवश्यक तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मन में सदेव गरीबो वंचितों, शोषितों एवं जरूरतमंद को लाभ पहुँचाने की भावना रहती है। इस कड़ी में भाजपा शहर जिला कोटा द्वारा योग्य व्यक्तियों जिन्हे सरकारी योजनाओं के लिये पात्रता के बावजूद सूचना या जानकारी के अभाव में कांग्रेस सरकार के कुशासन ने लोककल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रखा उन पात्रताधारियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर द्वारा कार्यकर्ता आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करने को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

योजना के तहत भाजपा कार्यकर्ता जरतरमंदो को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में एक सेतु का कार्य करेंगे। भाजपा कोटा शहर द्वारा एक एप्प बनाने की तैयारी की जा रही है जिसके माध्यम से एक ही प्लेटफॉर्म पर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम जी बिरला की योजनाओं का लाभ एक साथ मिल सकेगा। इस एक प्लेटफॉर्म पर सभी योजनाओं की जानकारी होगी। पात्रताधारी जरूरतमंद व्यक्ति योजनाओं में ऑनलाईन फार्म भर योजनाओं का लाभ ले सकता हैं। सेवाभाव के इस कार्य में ईश्वर सभी की मदद करता है। इस पुण्य कार्य में सभी को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता देनी है। जो भी ई-मित्र वाले इस सेवाभाव कार्य में अपना सहयोग देना चाहते उनका स्वागत अभिनंदन। कार्यकर्ताओं को अपने घर के छत पर भाजपा पार्टी का झण्डा, बाहर दिवार पर मेरा परिवार भाजपा परिवार की नेम प्लेट लगानी है। जिससे दूर से ही भाजपा का घर नजर आयें। चारों तरफ कमल ही कमल खिलते नजर आये।

कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने प्रस्तावित एप के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी तथा कार्य को और बेहतर करने के लिये सभी से विचार मांगे। कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर, दीनू बंजारा, महेन्द्र सिंह निर्भय, दिनेश सरसिया, ओम शंकर सुमन, संजय समीर सैनी, संजय त्रिपाठी, अक्षय चौधरी, पन्नालाल बंजारा, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज तलाईचा, रामचंद्र नागर, मण्डल प्रतिनिधि महेन्द्र गर्ग, सिंपल शर्मा, बद्री आर्य, सोनिया राठौड़, विष्णु, निखिल शर्मा सहित सेवाभाव कार्य में अपना सहयोग देने वाले ई मित्र संचालक उपस्थित रहें।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान, कोटा के द्वारा विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर डॉ.सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल, नयापुरा में आयोजित होगा। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच और उपचार करेगी।

कार्यकारी अध्यक्ष बिग्रेडियर एन.एस. कपूर व राम मदनानी ने बताया कि यह नेत्र चिकित्सा शिविर 19 फरवरी 2025, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच की जाएगी। जांच के उपरांत जिन रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि होगी और जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए चुना जाएगा।

महामंत्री बी.एस.वर्मा ने बताया कि शिविर में रोगियों की जांच वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.सुधीर गुप्ता (एम.एस.) द्वारा की जाएगी। जिन रोगियों को ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उनका डॉ.सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल, नयापुरा (एम.बी.एस. अस्पताल के सामने) में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में नेत्र जांच एवं परामर्श, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण, ऑपरेशन के लिए भर्ती किए गए मरीजों को भोजन, आवास एवं दवाइयों की नि:शुल्क व्यवस्था की जाएगी।

अध्यक्ष सेठी ने बताया कि मरीजों को साफ-सुथरे कपड़े पहनकर आना अनिवार्य होगा। प्रत्येक मरीज को दो पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड लाना होगा। यह नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर उन मरीजों के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जो आर्थिक कारणों से अपने मोतियाबिंद का इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक संस्थान, कोटा द्वारा किया जा रहा यह सराहनीय प्रयास जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी लौटाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।






# सरस राजसखी मेला-लोक संस्कृति, कला और स्वाद का भव्य संगम

**■ कोटा में सरस राजसखी मेला आयोजित किया जा रहा है**

**कोटा, (निसं)।** शहर के दशहरा मैदान में शुक्रवार से शुरू हुए सरस राजसखी मेले ने पहले ही दिन से शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है।

रविवार को वीकेंड होने के कारण महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस मेले का आयोजन राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित और विपणन करने का अवसर देना है। यह पहली बार है जब कोटा में राष्ट्रीय स्तर की महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों की इतनी भव्य प्रदर्शनी आयोजित की गई है।

**देशभर की शिल्पकला एक ही जगह:-** मेले में भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं को प्रदर्शित किया गया है। राजस्थान की पहचान कोटा डोरिया साड़ियों के अलावा पश्चिम बंगाल की तांत साड़ी और पटचित्र, बनारस की बनारसी साड़ी, मध्यप्रदेश के महेश्वर की महेश्वरी साड़ी, बाड़मेर का एप्लिक वर्क और जूट बैग जैसे अनूठे उत्पाद शहरवासियों को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा, यहां हैंडमेड साबुन, होम डेकोर उत्पाद, टेराकोटा आभूषण और कई तरह के हस्तशिल्प उत्पाद भी उपलब्ध हैं। महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों और युवाओं में भी इन उत्पादों को खरीदने का खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**फूड कोर्ट में देशभर के जायकों का आनंद:-** खरीदारी के साथ-साथ लोग फूड फेस्टिवल में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का लुत्फ भी उठा रहे हैं।

फूड कोर्ट में हिमाचल के सिड्डू, उत्तर प्रदेश के लखनवी कबाब और छोले भटूरे, आंध्र प्रदेश के मसाला डोसा और अन्य दक्षिण भारतीय व्यंजन, राजस्थान की प्रसिद्ध दाल-बाटी-चूरमा और गट्टे की सब्जी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन मौजूद हैं। यह फूड फेस्टिवल न सिर्फ स्वाद के शौकीनों के लिए बल्कि विभिन्न राज्यों की खानपान संस्कृति को जानने का भी एक शानदार मौका है।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शामें:-** मेले में हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों की पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन हो रहा है।

राजस्थान के कालबेलिया नृत्य, पंजाब के भांगड़ा, बंगाल के रवींद्र संगीत और महाराष्ट्र के लावणी नृत्य जैसी प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं, जिससे यह मेला एक संपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया है।

**खरीदारी पर इनाम जीतने का मौका:-** इस मेले में खरीदारी करने वालों के लिए विशेष लकी ड्रा योजना भी रखी गई है। 500 और 2000 की खरीदारी करने पर ग्राहकों को कूपन दिए जा रहे हैं, जिनसे उन्हें इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इस योजना ने लोगों की खरीदारी में और अधिक उत्साह भर दिया है।

**मेले का समय और अन्य विशेषताएं:-** सरस राजसखी मेला 7 दिनों तक सुबह 10 बजे से रात 9.00 बजे तक चलेगा। प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है, जिससे हर वर्ग के लोग इस मेले का आनंद उठा सकें। इस मेले में महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने और भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण उद्देश्य निहित है।

शहरवासियों के लिए यह मेला न सिर्फ एक खरीदारी का अवसर है, बल्कि लोक संस्कृति, कला और स्वाद का एक अनूठा संगम भी बन गया है।